# समाचार वाणी

ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026


## जहानाबाद मे 22 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों मे मौत, मोबाइल चोरी के विवाद के बाद हत्या का आरोप

RANJEET KUMAR

Published on 17 Aug 2026



रणजीत कुमार | जहानाबाद, बिहार | समाचार वाणी न्यूज़

बिहार के **जहानाबाद शहर के नगर थाना क्षेत्र मे 22 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों मे मौत** का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान **जावेद उर्फ बॉबी**, निवासी शेखालमचक गरड़ियाखंड के रूप में बताई गई है। युवक का शव मध्य रात्रि के बाद **अजहर हुसैन रोड स्थित कचरे के पास** संदिग्ध अवस्था में मिला।

मृतक की मां ने मोबाइल चोरी के विवाद के बाद कुछ लोगों पर अपने बेटे की हत्या करने का आरोप लगाया है। हालांकि, पुलिस जांच और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

मोबाइल चोरी के बाद शुरू हुआ विवाद

परिजनों के अनुसार, रविवार को **फिदा हुसैन रोड स्थित मगध हॉस्पिटल** से एक मरीज का मोबाइल चोरी हो गया था। इसके बाद मोबाइल की तलाश में कुछ लोग जावेद के घर पहुंचे।

इस दौरान दोनों पक्षों के बीच कहासुनी और गाली-गलौज होने की बात सामने आई है। विवाद की सूचना मिलने के बाद **112 की पुलिस टीम** मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत कराया।

पुलिस ने युवक की मां से जावेद को बुलाकर मोबाइल वापस कराने के लिए कहा था।

रात में घर नहीं लौटा जावेद

परिजनों के मुताबिक, रात में जब जावेद घर वापस नहीं लौटा तो परिवार के लोगों ने उसकी तलाश शुरू की।

मध्य रात्रि के बाद जावेद **अजहर हुसैन रोड के पास कचरे के समीप संदिग्ध अवस्था मे पंड़ा मिला**। परिजन उसे घर लेकर

पहुंचे। वहां जांच के दौरान उसके मृत होने की जानकारी हुई।

इसके बाद सोमवार सुबह परिजनों ने नगर थाना पुलिस को घटना की सूचना दी।

मां ने लगाया हत्या का आरोप

मृतक की मां ने अस्पताल से मोबाइल चोरी हुए मरीज के परिजनों पर अपने बेटे की हत्या करने का आरोप लगाया है।

हालांकि, फिलहाल हत्या के आरोप की पुलिस जांच कर रही है और मौत के कारणों को लेकर आधिकारिक रूप से अंतिम निष्कर्ष सामने नहीं आया है।

चार दिन पहले भी लगा था आरोप

बताया जा रहा है कि घटना से करीब चार दिन पहले भी जावेद पर एक बच्चे के गले से सोने का लॉकेट काटने का आरोप लगा था।

आरोप के बाद लोगों द्वारा उसकी पिटाई किए जाने और पुलिस को सौंपे जाने की बात भी सामने आई है। इस घटना और वर्तमान मौत के बीच कोई सीधा संबंध है या नहीं, यह पुलिस जांच का विषय है।

पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार

घटना की सूचना मिलने के बाद **अपर थाना प्रभारी श्याम कुमार पांडेय** ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी।

पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है। घटनाक्रम से जुड़े लोगों से पूछताछ और अन्य तथ्यों की जांच की जा रही है।

पुलिस के अनुसार, **पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही जावेद की मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।**

**जहानाबाद मे 22 वर्षीय जावेद उर्फ बॉबी की संदिग्ध परिस्थितियों मे मौत के बाद इलाके मे चर्चा का माहौल है।** मोबाइल चोरी के विवाद के बाद युवक के घर कुछ लोगों के पहुंचने और बाद में उसका शव संदिग्ध अवस्था में मिलने की बात सामने आई है। मृतक की मां ने हत्या का आरोप लगाया है, जबकि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। फिलहाल मौत के वास्तविक कारण स्पष्ट नहीं हैं और **पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति साफ होने की उम्मीद है।**

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/RANJEET KUMAR, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsoever.